भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2902**
08 अगस्त, 2024 को उत्तर देने के लिए

## आंध्र प्रदेश में मेगा फूड पार्क

**2902. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
**(क)** पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में, कितने मेगा फूड पार्क (एमएफपी) स्थापित किए गए हैं;

**(ख)** पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में, एमएफपी स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा आवंटित/संवितरित और अब तक उपयोग की गई धनराशि की राज्य-वार मात्रा कितनी है;

**(ग)** आंध्र प्रदेश राज्य में वर्तमान में कितने पार्क संचालित हैं तथा उक्त एमएफपी के लिए किए गए, प्राप्त और अनुमानित कुल निवेश का ब्यौरा क्या है; और

**(घ)** आंध्र प्रदेश में संचालित एमएफपी के कारण खाद्य अपव्यय में कमी के संबंध में विशिष्ट डेटा/अनुमान सहित खाद्य अपव्यय को कम करने के संबंध में उक्त मेगा फूड पार्कों का प्रभाव कितना है?

## उत्तर

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खेत से बाजार तक मूल्य श्रृंखला के साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए आधुनिक अवसंरचना सृजन के लिए प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत एक घटक योजना मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपीएस) को कार्यान्वित्त कर रहा है। इस योजना के तहत मंत्रालय ने वर्ष 2008 से देश के विभिन्न राज्यों/संघ-राज्य क्षेत्रों में 41 मेगा फूड पार्क (एमएफपी) परियोजनाओं को अनुमोदित किया है। इनमें से देश में पिछले पांच वर्षों के दौरान 6 एमएफपी को अनुमोदित किया गया है। आंध्र प्रदेश राज्य में मंत्रालय ने वर्ष 2008 से 2015 के दौरान 3 एमएफपी को अनुमोदित किया है।

**(ख):** देश में मेगा फूड पार्कों की स्थापना के लिए एमएफपीएस के तहत राज्य-वार निधियों का आवंटन नहीं किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में देश में एमएफपी की स्थापना के लिए आवंटित निधि और किए गए वास्तविक व्यय का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। मंत्रालय ने पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के एमएफपी को 4.95 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

**(ग):** इस मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश राज्य में 3 एमएफपी को स्वीकृति दी है। इनमें से 2 एमएफपी प्रचालन में हैं। इन चालू एमएफपी में किया गया और प्राप्त कुल निवेश 352.40 करोड़ रुपये है।

**(घ):** मंत्रालय ने मेसर्स केपीएमजी एडवाइजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से मेगा फूड पार्क के लिए योजना के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए एक तृतीय पक्ष अध्ययन कराया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उल्लेख किया गया है कि एमएफपी द्वारा सृजित प्रसंस्करण सुविधाओं और खरीद मॉडल के परिणामस्वरूप कृषि और बागवानी तथा अन्य विकारी उपज के फसलोत्तर नुकसान (पीएचएल) में 1 से 3% तक की कमी आई है। आंध्र प्रदेश के संबंध में, अध्ययन से पता चला है कि प्रचालन एमएफपी के कारण झींगा और आम के मामले में 10% तक की नुकसान में कमी देखी गई है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 08.08.2024 को उत्तर देने के लिए "आंध्र प्रदेश में मेगा फूड पार्क" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2902 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान एमएफपी की स्थापना के लिए आवंटित निधि तथा वास्तविक व्यय:**

| **योजना का नाम** | **वित्तीय वर्ष** | **करोड़ ₹ में** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **आवंटित निधि** | **देश में वितरित निधि/वास्तविक व्यय** | **आंध्र प्रदेश में वितरित निधि/वास्तविक व्यय** |
| मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपीएस) | 2021-22 | 54.37 | 52.59 | 0.94 |
| | 2022-23 | 24.80 | 22.14 | 4.01 |
| | 2023-24 | 20.66 | 20.64 | 0 |
| | **कुल** | **99.83** | **95.37** | **4.95** |